Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 31-08-2022 | अंक 330

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### 40 वर्षीय व्यक्ति ने किया विषपान स्थिति गंभीर, रेफर

बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के धोबियाडीह निवासी गेंदा रजक उम्र 40 वर्ष पिता देवधारी रजक ने हुई घरेलू विवाद में विषपान कर लिए। जिससे वह गंभीर हो गए, जानकारी मिलने पर परिजनों ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

# भगवान गणेश की पूजा से सुख समृद्धि की होती प्राप्ति : मनोज यादव

## बरही एवं पदमा में मनाई जा रही गणेश पूजा उत्सव

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही एवं पदमा में भक्तिभाव एवं श्रद्धा के साथ गणेश चतुर्थी का त्योहार मनाई जा रही है। हर जगह गणेश चतुर्थी की रौनक देखी जा रही है । बरही अफीम कोठी में पूजा अर्चना का शुभारंभ हुआ। पदमा प्रखंड के ग्राम कुटीपीसी में भव्य शोभा यात्रा के साथ गणेश पूजा का शुरुआत हुआ स वही गारुकुरहा में गणेश पूजा बड़े श्रद्धा भक्ति भाव के साथ शुभारम्भ हुआ। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप पहुंचें पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि ज्ञान ,बुद्धि ,समृद्धि और सौभाग्य के देवता भगवान गणेश का पूजन प्रारम्भ हो गया है स भद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि बेहद महत्वपूर्ण मानी गई है । यह तिथि भगवान गणेश को समर्पित है। इस दिन गणपति बाप्पा का जन्मदिन के



गणेश पूजा उत्सव में शामिल मनोज यादव एवं अन्य

तौर से मनाया जाता है । हिन्दू धर्म शास्त्रों के अनुसार ,भद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर गणपति बप्पा का जन्म हुआ था । गणेश चतुर्थी से प्रारंभ होने के बाद गणेश उत्सव मनाया जाता है स मौके पर जिला परिषद सदस्य बसंत मेहता,पूर्व विधायक प्रतिनिधि नारायण यादव ,प्रमुख वीणा मेहता ,मुखिया- सरिता देवी ,पंचयात समिति सदस्य ननकू मेहता ,पूजा समिति अध्यक्ष - अशोक मेहता ,सचिव - रोहित कुमार ,कोषाध्यक्ष -रामकुमार मेहता ,विजय मेहता ,संदीप मेहता , कार्तिक मेहता ,पुजारी विजय मेहता जय माता दी, सीताराम मेहता ,पूर्व मुखिया कंचन मेहता , सुजीत मेहता ,मुखिया सरिता देवी ,मुखिया प्रतिनिधि विजय मेहता , कुलदीप मेहता ,अशोक मेहता मेडिकल ,टिपूलाल ,सुजीत कुमार ,उपेंद्र मेहता ,सिकंदर मेहता ,कुलदीप कुमार ,किशोर राणा ,पंकज कुमार,विजय यादव , अजित गिरी ,अनिल पाण्डेय , भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ,इन्दर देव ठाकुर ,वार्ड सदस्य विकास यादव ,राजकुमार मेहता ,चन्दन केशरी ,पिन्टु शर्मा ,कुंदन केशरी,अजित गिरी ,उमेश यादव ,प्रकाश यादव ,अशोक कुशवाहा ,मनोज यादव ,प्रमुख प्रतिनिधि कार्तिक मेहता , गारुकुरहा पूजा कमिटी सदस्य रघु शर्मा , सतीश शर्मा , रंजीत शर्मा ,सुजीत शर्मा ,पिन्टु शर्मा , बप्पी शर्मा ,उपेंद्र शर्मा ,गणेश यादव ,रोहित यादव , सचिन यादव ,श्रवण शर्मा सहित सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे ।

# फिर एक बार महागठबंधन की सरकार ने झारखंड को किया शर्मशार : बिरजू पासवान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

मौजूदा झारखंड की राजनीतिक हालात को देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता बिरजू पासवान ने चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि जब-जब झारखंड में महागठबंधन की सरकार बना है। तब तब झारखंड शर्मसार हुआ है जब पहली बार महागठबंधन की सरकार मधु कोड़ा के नेतृत्व में बनी थी उस समय भी महागठबंधन की सरकार में हजारों करोड़ रुपये का घोटाला हुआ था। आज से ठीक डेढ़ दो महीना पहले इसी महा गठबंधन के साथी कांग्रेस के विधायकों का कोलकाता में पैसा सहित पकड़े जाना इस सरकार के दामन पर दाग लगाता है। इस



बिरजू पासवान

सरकार की विफलता को दर्शाता है ज्ञात हो कि जिन दलों के द्वारा आज झारखंड की सरकार को संचालित किया जा रहा है इन दलों का झारखंड के प्रति रवैया आंदोलन काल से ही ढुल मूल रहा है आज जहां पूरे झारखंड में लूट हत्या और बलात्कार हो रहा है बेटियों को जिंदा जलाया जा रहा है वही सरकार सिटी बजाकर ऑल इज वेल कर रही है, और सरकार इस मुश्किल घड़ी में प्रदेश की जनता को छोड़कर अपने विधायकों और मंत्रियों के साथ सैर सपाटे के लिए निकल चुकी है प्रदेश की जनता ने जिस आशा और विश्वास के साथ इस सरकार को चुना था आज उस पर पानी फिरता दिख रहा है। आज प्रदेश की सरकार जिस संकट से गुजर रही है ऐसा नहीं लगता कि यह सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर सकेगी सरकार के इस धूल मूल रवैया से प्रदेश में मध्यावधि चुनाव के आसार बढ़ते दिख रहे हैं।

# दस दिन बाद रानीचुवा पंचायत में बहाल हुई बिलजी, ग्रामीणों में खुशी

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड का सुदूरवर्ती पंचायत रानीचूवा पंचायत पिछले दस दिन से अंधकार में डूबा हुआ था। ज्ञात हो की 21 अगस्त के रात में अज्ञात चोरों के द्वारा लगभग 500 मीटर बिजली का तार काटकर चोरी कर लिया गया था। जिससे पूरा पंचायत अंधेरा में डूब गया था। वहीं स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र टुड्डू ने बताया की रात में अचानक बिजली गई तो पहले लगा की नॉर्मल की तरह बिजली कट गई होगी। जब सुबह तक बिजली नही आया तो



बिजली तार जोड़ने में सहयोग करते रामचंद्र टुड्डू व अन्य

पता चला की चोर बिजली का तार काटकर चोरी कर लिए है। इसके बाद बिजली विभाग को जानकारी दी गई। वहीं बुधवार को बिजली विभाग के द्वारा नया तार जोड़ा गया जिसमे पंचायत के ग्रामीणों ने भी बढ़ चढकर सहयोग किया। पूरा दस दिन बीत जाने के बाद बुधवार को पंचायत में पुनः बिजली बहाल हुई जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

# दियों पहाड़ों से घिरा है पचंडा गांव बरसात के दिनों में गांव से बाहर नहीं जा पाते हैं लोग

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : प्रखंड के सुदूरवर्ती अंगों पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचडा एक ऐसा गांव है जो जंगलों पहाड़ों व नदियों से घिरा हुआ है।बरसात के दिनों में कई दिनों तक लोग गांव से बाहर नहीं जा पाते हैं वही गांव में एक मध्य विद्यालय है जहां के शिक्षक विनोद महतो व सीताराम नदियों का पानी कम होने पर किसी तरह पास होकर विद्यालय कार्य करने जाते हैं।ग्रामीणों ने अपने प्रयास से पहाड़ों का सीना चीर कर एक किलोमीटर अपने परिश्रम से कच्ची सड़क बनाया ।परंतु उसमें भी एक दूधमटिया झकझोर में छोटी नदी पड़ जाने के कारण बरसात के दिनों में आवागमन बाधित हो गई।जिसमें लोग अपने प्रयास से कई माह पूर्व मिट्टी भर के आवागमन



चालू किए थे और दो पहिया वाहन एवं साइकिल से लोग अपने गांव से आना जाना करना शुरू कर दिए थे। बरसात आते ही वह मिट्टी बहकर टूट गया। जिससे लोगों का फिर से आवागमन बाधित हो गया।और अब फिर एक बार गांव के लोगों ने काफी मेहनत व मशक्कत से दूधमटिया के छोटी नदी में लकड़ी का खूंटा का जुगाड़ देकर लकड़ी का पुल का निर्माण किया हैं। ताकि कम से कम आपातकालीन स्थिति में यदि गांव की कोई लोग बीमार हो तो कम से कम उसकी इलाज के लिए उसे उस रास्ते ले जाया जा सके। ऐसा नहीं कि यह मामला स्थानीय जनप्रतिनिधि या प्रशासनिक पदाधिकारी की जानकारी में नहीं है कई बार जनप्रतिनिधियों के द्वारा आश्वासन भी दिया गया कि उक्त स्थान पर जल्द ही पुल का निर्माण कर शीघ्र ही आवागमन शुरू किया जाएगा पर अब तक दूर-दूर तक इसकी आस नहीं दिख रही है। लकड़ी के पुल बनाने में मुख्य रूप से पचंडा गांव के पूर्व वार्ड सदस्य बिनोद बेसरा , देवीलाल मांझी , मिश्रीलाल मांझी, अजय बेसरा, दिनेश बेसरा, बहादुर बेसरा, एतवा बेसरा, नरेश मरांडी, लगन मांझी, निरसा मरांडी, संजय मरांडी, प्रेम बेसरा, अजय मांझी, महावीर मांझी आदि का पूर्ण सहयोग रहा।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## पुस्तकें हमें ज्ञान रूपी पंख प्रदान करती है : ए के सिंह

### डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में इंग्लिश लिटरेचर कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में इंग्लिश लिटरेचर क०न्क्लेव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत डीएवी सीएमसी और डीएवी एकेडमिक एक्सीलेंस की प्रमुख ड०क्टर निशा पेशीन के द्वारा लिखित पुस्तक लेट देम फ्लाई पुस्तक का विमोचन करते हुए उस पर विभिन्न वक्ताओं के द्वारा रोशनी डाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन, स्वागत गीत और विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह के द्वारा संबोधन से हुआ। राम नारायण यादव क०लेज की इतिहास की शिक्षिका संगीता चौधरी ने कहा कि पुस्तकें यात्रा के दौरान भी हमारा मार्गदर्शन करती हैं। पुस्तक को यदि दोस्त बनाते है तो वह हमेशा हर परिस्थिति में हमारा साथ देगा। कार्यक्रम की शुरुआत धर्मेंद्र कुमार के द्वारा अंग्रेजी भाषण से हुई। अगली कड़ी में अभय आर्यन के द्वारा लेट दम फ्लाई पुस्तक पर रोशनी डाली गई। संत कोलंबस कॉलेज के रिटायर्ड बॉटनी डिपार्टमेंट के अध्यक्ष डॉक्टर नवीन कुमार राणा ने पुस्तकों के प्रति अपने विचार को व्यक्त किया और कहा कि पुस्तके हमें जीने का नजरिया सिखाती है।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते शिक्षाविद एवम प्रबद्धजन

डीएवी की शिक्षिका शिवानी सिंह ने पुस्तक के ऊपर अपनी विचारधारा प्रस्तुत करते हुए कहा कि पुस्तके हमारे अंदर नवीन चेतना जगाती है। कक्षा अष्टम के छात्र आदित्य राज ने आर्ट ऑफ वार पर अपनी विचारधारा रखी। संत कोलंबस कॉलेज के इंग्लिश डिपार्टमेंट के एचओडी डॉक्टर सत्येंद्र कुमार ने कहा पुस्तकें हमें पंख प्रदान करती हैं जिससे हम इस संसार में स्वच्छंद होकर उड़ान भर सकते हैं। प्रदीप गोराई ने हिस्ट्री ऑफ इंग्लिश लिटरेचर पर अपनी विचारधारा रखी। मंच संचालन करते हुए रा. जेश कुमार सिन्हा ने अपनी विचारधारा को प्रस्तुत किया। राम नारायण यादव क०लेज बरही के इंग्लिश डिपार्टमेंट के हेड ड०क्टर अजय प्रताप सिंह ने कहा कि पुस्तकों को हमें अपना सहचर बना लेना चाहिए। गुंजन कुमारी के द्वारा कविता पाठ और इशिका स्पर्धा ने भी पुस्तक के प्रति अपने विचार प्रकट की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि पुस्तक ज्ञान के साथ-साथ हमारे अंदर रचनात्मक शक्ति का विकास करती है ।पुस्तके सदा हमारा मार्गदर्शन करती है और हमारे विचारों को चहुमुखी दिशा प्रदान करती है। पुस्तके हमारे अंदर ज्ञान का बीज बोती है और पुस्तकालय का सानिध्य उसे वट वृक्ष बनने में पूर्णता मदद करता है। जिस प्रकार एक कुम्हार मिट्टी को एक मूर्त रूप प्रदान करता है ठीक उसी प्रकार पुस्तकें एक अज्ञानी को अल्पज्ञ से सर्वज्ञ बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने कहा कि किताबे हमें पंख प्रदान करती हैं ताकि इस ज्ञान से भरी सृष्टि में उड़ान भर सके और ज्ञान रूपी फल का रसास्वादन कर सकें ।अतः हम सबों को अपने जीवन में पुस्तकों का सानिध्य अवश्य रखना चाहिए। क्योंकि यह हमें ज्ञान के साथ-साथ हमारा मनोरंजन और सही पथ प्रदर्शन भी करता है। इस अवसर पर विशेष अतिथि के तौर पर कल्याणी सिंह भी उपस्थिति रही । उन्होंने कहा कि पुस्तके सदियों से छात्र छात्राओं को सही दिशा दिखाने का कार्य करता रहा है।कार्यक्रम की सफलता में कला शिक्षक लल्लन यादव, शशांक सिंहा, फूलमती कुमारी, अर्चना शर्मा, मिथिलेश कुमार, विजय कुमार, सुशील सिंह, दीपक शरण तथा अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं की भी महत्वपूर्ण भागीदारी रही।

## विष्णुगढ़ में धूमधाम से पांच दिवसीय गणेशोत्सव आरंभ

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ और इसके आसपास के इलाकों में बुधवार से श्री गणेश महोत्सव की शुरुआत हो गई। महोत्सव लगातार कहीं तीन दिन तो कहीं पांच दिनों तक चलेगा। विष्णुगढ़ के गोविन्दपुर, चलंगा, नवादा, बेड़ा हरियारा समेत अन्य कई गांवों में गणपति महोत्सव मनाया जा रहा है। विष्णुगढ़ के देवी मंडप प्रांगण में पांच दिवसीय गणपति पूजा का विशेष आयोजन किया गया है। मंदिर को पुष्प एवं लाइटिंग के माध्यम से आकर्षक सज्जा कर भव्य प्रतिमा की स्थापना की गई है। मंदिर में पूजा-अर्चन एवं दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। मंदिर प्रांगण में लगा मेला भी लोगों को खूब आकर्षित कर रहा है। मेले में ब्रेक डांस, झूला, नाव झूला, जंपिंग झूला, मिकी माउस तथा मोनो रेल में युवाओं एवं बच्चों की मस्ती देखते बन रही है। बुधवार की


विष्णुगढ़ में गणेशोत्सव पर सजा गणपति बाबा का द्वार

शाम को बाल नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने नृत्य कला का प्रदर्शन किया। पांच दिनों तक आयोजनस्थल में अलग-अलग आयोजन सम्पन्न होंगे। प्रतिदिन सुबह शाम आरती एवं भोग में भी श्रद्धालुओं की विशेष उपस्थिति रही। पूजा एवं मेला का समापन 4 सितंबर को प्रतिमा विसर्जन के साथ होगा। पूजा समिति आचार्य विजय पाण्डेय एवं राहुल मिश्र ने कहा की हमारे सनातन धर्म में सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश की पूजा की जाती है। इसी दिन भग. वान गणेश का प्रादुर्भाव हुआ था। आयोजन में अध्यक्ष शंकर कुमार, सचिव नितीश कुमार,कोषाध्यक्ष अशोक सिंह, मीडिया प्रभारी निरंजन बर्मन, बहादुर साव कसेरा, बंजरगी प्र कसेरा, अनूप कुमार, सुधीर प्रसाद, बिरजू प्रसाद, ओंमकारनाथ शर्मा, संदीप कुमार, विकास कुमार, शुभम कुमार समेत कमेटी के अन्य सदस्य जुटे हैं।

APEM
LIVE

## बरकट्ठा में गणपति पूजा की धुम, गणपति बप्पा मोरया से गुंजा प्रखंड.

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा विघ्न विनाशक प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश की पूजा-अर्चना बुधवार को धूमधाम से की गई. इस दौरान पूरा प्रखंड गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंज उठा. सुबह से ही लोग पूजा की तैयारियों में जुटे रहे. पारंपरिक तरीके से गणेश पूजा की गई. प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधान पूर्वक पूजा की गई. पूजा पंडालों



को आकर्षक ढंग से सजाया गया. गणेश पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया. प्रखंड के बरकट्ठा दुर्गा मन्दिर समेत कई स्थानों पर प्रतिमा स्थापित किया गया. लोगों ने भक्तिभाव से भगवान गणेश की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की. ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा कराया. इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. पूजा संपन्न होने के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया. जगह-जगह पर भजन-कीर्तण का भी आयोजन किया गया. जिससे माहौल भक्तिमय बना रहा।

## लगनवां में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा प्रखण्ड के ग्राम लगनवां शिवमंदिर पूजा समिति की ओर से ग्रुप बी टीम और ग्रुप सी टीम का फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया टूर्नामेंट का उदघाट्न समा. जसेवी मो शमीम ने किया उन्होंने कहा पंचायत समिति सदस्य के द्वारा प्रथम पुरस्कर देने की घोषणा किया गया, साथ ही उन्होंने सभी खिलाड़ियों को भाईच. ारगी के साथ खेलने का खिलाड़ियों से अपील की साथ ही खिलाड़ियों को हर संभव मदद का भरोसा



दिलाया, तथा उप मुखिया सहदेव पासवान भी द्वितीय पुरस्कार देने का आश्वासन दिए ताकि आयोजक मंडली का हौसला बढ़े, मौके पर मुख्य रूप से उप मुखिया सहदेव पासवान, समाजसेवी बलदेव पासवान, सुखदेव पासवान, कोलेश्वर पासवान, विजय पासवान, साहेब पांडेय, दुलारचंद पासवान, विनोद पासवान, द्वारिका पासवान, कुंजो पासवान, साथ ही टूर्नामेंट के अध्यक्ष बदरी सिंह, उपाध्यक्ष प्रदीप पासवान, कोषाध्यक्ष भीम पासवान, बुलंदी पासवान, संदीप साव ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

## बड़कागांव प्रखंड में धूमधाम से मनाई गई गणेश महोत्सव





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : प्रखंड में गणेश महोत्सव काफी धूमधाम के साथ मनाई गई प्रखंड के बड़कागांव मुख्य चौक दैनिक बाजार, बादम टैक्सी स्टैंड एवं बड़कागांव राणा मोहल्ला मे प्रतिमा स्थापित कर पूजा समिति के द्वारा धूमधाम से पूजा की गई। मुख्य चौक दैनिक बाजार में एचडीपीओ सीनियर डीएसपी अमित कुमार सिंह के हाथों गणेश पूजा पंडाल का फीता काटकर उद्घाटन किया गया इस दौरान पूजा समिति के अध्यक्ष स्वर्णकार गौतम वर्मा के नेतृत्व में सदस्यों के द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। दैनिक बाजार बड़कागांव में अध्यक्ष स्वर्णकार गौतम वर्मा बड़कागांव राणा मो. हल्ला मोहल्ला में अध्यक्ष बालेश्वर राणा एवं बादम बस स्टैंड मे अध्यक्ष बंटी पांडे के नेतृत्व में पूजा धूमधाम से किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से गणेश पूजा समिति बड़कागांव दैनिक बाजार मे अध्यक्ष गौतम वर्मा, सचिव विक्रम कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष संदीप पंडित, उपाध्यक्ष कुणाल चौरसिया, उपसचिव आकाश वर्मा, उपसचिव अभिषेक वर्मा, डेकोरेशन मंत्री अंकित कुमार सोनी, ललन कुमार, संगठन मंत्री अभिषेक मेहता, संयोजक भोला विश्वकर्मा, मनोरंजन मंत्री प्रमोद कुमार सोनी, गोपाल विश्वकर्मा, मनोरंजन मंत्री सुशंत मेहता पूजा तुमको प्रभारी विकास कुमार उप कोषाध्यक्ष राहुल वर्मा, राज विश्वकर्मा, प्रभारी रंजीत कुमार महामंत्री सोनी, बादल गणेश पूजा समिति अध्यक्ष बंटी पांडे, सचिव राजेश वर्मा, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, तुषार वर्मा, निशांत गौरव, रोहित कुमार, नितेश कुमार, महावीर रोनियार, विनय गुप्ता, संतोष सावंत ।बड़कागांव राणा मोहल्ला गणेश पूजा समितिअध्यक्ष बालेश्वर राणा, सचिव शिव शंकर प्रजापति, उपसचिव राहुल राणा, अध्यक्ष विजय कुमार प्रजापती, संगठन मंत्री अमर कुमार राणा, के अलावा कई लोग पूजा में शामिल थे।

## अंबा प्रसाद ने विभिन्न अस्पताल में इलाजरत क्षेत्रवासियों से की मुलाकात

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : विधायक अंबा प्रसाद ने रांची के विभिन्न अस्पतालों में इलाज करवा रहे क्षेत्रवासियों से मुलाकात की एवं उनका कुशलक्षेम जाना ।इस कड़ी में उन्होंने देवी इंस्टिट्यूट अस्पताल जाकर भदानी नगर चिकोर निवासी स्नेहा तुरी पिता शंकर तुरी से दिन मंगलवार को मुलाकात की एवं जल्द से



जल्द स्वस्थ होने की कामना की वहीं पतरातू प्रखंड के सौंदा बस्ती निवासी विश्वनाथ प्रसाद से रिम्स पहुंचकर हालचाल जाना एवं चिकित्सकों से मुलाकात कर इलाज में किसी तरह की कोताही न बरतने का निर्देश भी दिया।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## मुखिया कविता देवी के नेतृत्व में वोटर आईडी कार्ड में आधार एवं मोबाइल नंबर जोड़ने का शिविर लगाया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



हरली पंचायत सचिवालय में बुधवार को वोटर आईडी कार्ड में आधार एवं मोबाइल नंबर सीड कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत के कई लोगों ने शिविर में पहुंचकर वोटर आईडी कार्ड को आधार एवं नंबर से जोड़ने का काम कराया । पंचयात के मुखिया कविता देवी ने पंचायत के लोगों से अपील करते हुए कहा कि जल्द से जल्द शिविर में आकर वोटर आईडी कार्ड को आधार एवं मोबाइल नंबर से जुड़वाने का काम करें। मौके पर उपस्थित लोगों की मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य – कोशिला कुमारी एवं बी एल ओ आशारानी कुशवाहा, प्रेमा कुमारी, कुसुम कुमारी, पर्यवेक्ष, अशोक साव, जी. आर. एस. वार्ड सदस्य रामेश्वर राम, ईश्वर साव, आनंद कुमार, रेखा देवी अनेकों ग्रामीण जनता उपस्थित रहे।

## महिलाओं के स्वावलंबन एवं विकास के लिए एनटीपीसी सदैव समर्पित है

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल परियोजना द्वारा महिलाओं के उत्थान, स्वावलंबन और स्थायी आजीविका प्रदान करने के लिए एक महीने के निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ एनटीपीसी मैती आईटीआई कoलेज में किया गया। परियोजना के महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव द्वारा के निर्देश पर स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने एवं आत्म. निर्भर भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप 60 विस्थापित महिलाओं को प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ करते हुआ महाप्रबंधक श्रीवास्तव ने कहा कि विश्व महाशक्ति के रूप में देश का परिवर्तन हमारी महिलाओं के सशक्तिकरण से जटिल रूप से जुड़ा हुआ है।इस तथ्य को स्वीकार करते हुए, एनटीपीसी के पास विशेष रूप से सिलाई, ड्रेस डिजाइनिंग, ब्यूटीशियन और कढ़ाई जैसे विभिन्न प्रकार के डिज़ाइन किए गए पाठ्यक्रमों का एक गुलदस्ता है। उन्होंने आगे कहा कि कपड़े सिलना एक ऐसा रोजगार है, जिसे एक आम महिला अपने घरेलू क्रिया करते हुए भी अपने घर से कर सकती है और अपनी आजीविका चला सकती है।महिलाओं को उनके घर के आस-पास ही रोजगार मिलने से वह आर्थिक रूप से भी मज़बूत हो सकेंगी। कोरोना महामारी के समय में भी परियोजना क्षेत्र के आसपास की महिलाओं ने ही भारी संख्या में मास्क बनाकर दिए थे।उन्होंने बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाना आज के आत्मनिर्भर भारत की मूलभूत मांग है, महिलाएं पुरुषों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है।इस अवसर पर श्री राम अपरमहाप्रबंधक (आर एन्ड आर), अमित कुमार अस्थाना अपरमहाप्रबंधक (मानव संसाधन), प्रभाकर चौधरी उपमहाप्रबंधक (पीबी–नoर्थवेस्ट), देवराज आंनद वरिष्ठ प्रबंधक (आर एंड आर), मिथिलेश उपाध्याय प्राचार्य (आईटीआई मैती) एवं सभी वरीय पदाधिकारियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थिति रहे।

# सुचना

## कल सुबह 7:00 बजे से लेकर दिन 1:00 बजे तक बिजली बंद रहेगी

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव केरेडारी एवं टंडवा प्रखंड में बिजली मरमति कार्य को लेकर आज सुबह 7रू00 बजे से लेकर दिन 1:00 बजे तक बिजली पूर्ण रुप से बंद रहेगी । उक्त आशय की जानकारी कनीय अभियंता सत्यदेव कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि जंगल में पेड़ों की टहनियों की छंटाई के अलावा की आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं । जिसे देखते हुए सुबह 7:00 से दिन 1:00 बजे तक बिजली पूर्ण रूप से बंद रहेगी।







